खाटू वाले का जन्मदिन आया रे आया

आया रे आया आया रे आया,
खाटू वाले का जन्मदिन आया रे आया,
लाया रे लाया खुशियां लाया रे लाया,
मेरे बाबा का जन्मदिन आया रे आया....

कार्तिक महीना आया कर ली भक्तों ने तैयारी,
खाटू नगरी में भी देखो धूम मची है भारी,
कर ली अर्जी मेरी स्वीकार, आया रे आया....

माखन मिश्री मावे का हमने केक बनाया है,
खाटू में आकर के बाबा हमने भोग लगाया है,
करलो भोग मेरा स्वीकार, आया रे आया....

कलयुग का तू देव निराला हारे का सहारा है,
जादू वाली मोर छड़ी का लगता झाड़ा प्यारा है,
हो गई "तिलक" की भी मौज आया रे आया....

आया रे आया आया रे आया,
खाटू वाले का जन्मदिन आया रे आया,
लाया रे लाया खुशियां लाया रे लाया,
मेरे बाबा का जन्मदिन आया रे आया.....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/29911/title/khatu-wale-ka-janmdin-aaya-re-aaya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |